हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 29 दिसंबर 2024


तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री


14 आदिवासी समाज के देव जात्रा कार्यक्रम में शामिल...





14 तप-व्रत की पवित्रता में है अलौकिक शक्तिः पं सुनील






## आठ सालों से सिरपुर क्षेत्रवासी जी रहे हाथियों की दहशत के साथ

### सिरपुर क्षेत्र में फिर सक्रिय हुआ दंतैल, फिलहाल तुमगांव के आसपास होने की खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में पिछले आठ सालों से हाथियों का दल सक्रिय है। आए दिन हाथियों की आमद-रफ्त का सिलसिला जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बनी हुई है। वहीं सबसे अधिक सक्रियता जिले के सिरपुर क्षेत्र जंगली इलाकों और इस क्षेत्रांतर्गत आने वाले 34 गांवों में नजर आती रही है लेकिन, अब हाथियों के कदम नगरीय क्षेत्रों के आसपास तक आ पहुंचे हैं। बता दें कि हाथियों के हमले से दर्जनों लोगों की मौत के बाद क्षेत्र में लोग हाथियों की आमद से काफी भयभीत हैं। हाल फिलहाल की जानकारी के मुताबिक बीते तीन दिनों से एक दंतैल महासमुंद वन परिक्षेत्र के सिरपुर इलाके में विचरण कर रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दंतैल का लोकेशन सुबह कक्ष क्रमांक 25, 57 के आस-पास के जंगल में बताई गई है। शुक्रवार के एक दंतैल ग्राम परसाडीह की बस्ती से खेत होते शनिवार सुबह भोंरिग सड़क पार करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 53 को पार कर गोपालपुर के खेत से होते हुए कक्ष क्रमांक 25, 57 के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी के लगातार विचरण से क्षेत्रवासी ग्रामीण दहशत में हैं। हालांकि वन विभाग की टीम हाथी के मूव्हमेंट पर निगाह बनाए हुए है। विभाग की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार हाथियों के इस क्षेत्र में आमद के चलते लोगों को महासमुंद-तुमगांव मार्ग में सावधानीपूर्वक आगमन करने बात कही गई है। साथ ही ग्राम गाड़ाघाट, कौंदकेरा, बनसिवनी, परसदा, बेमचा, मुसकी, गोपालपुर, तुमगांव के आस-पास हाई अलर्ट जारी किया गया है। विभाग हाथी के संभावित इलाके के गांवों में कोटवार से मुनादी करा रहा है। ताकि कोई भी जंगल न जाएं, सतर्क रहें, और हाथी नजर आने पर नजदीकी वन कर्मियों को इसकी जानकारी दे।



#### चार दिन पहले देखा गया था बोरिद में

मालूम हो कि उक्त दंतैल को चार दिन पूर्व बुधवार को सबसे पहले सिरपुर के ग्राम बोरिद के वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 74-75 में देखा गया था। यहां वह विशाल ध्रुव की सब्जी बाड़ी से गुजरा था। बाद शुक्रवार को ग्राम अमलोर छताल डबरा सड़क पार कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 133,132,131 और 80 में विचरण कर रहा था। बाद सुकुलबाय, नांदबारू, तालाझर, केशलडीह, रायकेरा, मरौद और अमलोर में हाई अलर्ट किया गया।

### विडंबना : छट्टी, शादी और त्योहारी सीजन में सबसे ज्यादा हुए हैं सड़क हादसे

## बीत रहे साल में 249 लोग हुए हैं सड़क दुर्घटना के शिकार, कई परिवार बिखरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बीत रहे साल में सड़क दुर्घटना के चलते अनेक परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। इसके बाद भी लोग बिना सुरक्षा उपायों के सड़क पर होने वाली दुर्घटना को लेकर सजग और जागरूक नही हैं। अधिकांश लोग हाईवे में भी सफर के दौरान बिना हेलमेट एवं कार एवं अन्य चार पहिया में बिना सीट बेल्ट लगाए चल रहे हैं।

इसके कारण सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। पिछले तीन साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो अब तक की स्थिति हालाकिं बीते साल दुर्घटना संख्या, घायल और मौतों की संख्या में कम है लेकिन, बीते साल के आंकड़ों को छून के करीब है। जनवरी से लेकर 25 नवंबर यानी 11 महीने में ही 428 सड़क हादसे में 249 लोगों की जान जा चुकी है। वही 293 लोग घायल हुए है। अगर दिसंबर महीने को जोड़ दिया जाए तो उसका आंकड़ा और बढ़ जाएगा। जो पिछले साल की तुलना में अधिक हो जाएगी। वहीं पिछले तीन साल में 804 लोगों की मौत हुई है।

इन 3 सालों में अब तक जिले में 1331 सड़क हादसे हुए है। एक महीने का आंकड़ा जोड़ने पर 1350 से ज्यादा हो जाएगा। इसके अलावा 1009 लोग घायल हो हुए है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी की वजह से हो रही है। जिले के 22 डेंजरजोन (ब्लैक स्पॉट) और अंधे मोड़ (ब्लाइंड टर्न) में ज्यादातर लोगों की जानें गई है। बागबाहरा के खल्लारी मार्ग में सबसे ज्यादा खतरनाक मोड़ है। ज्यादातर घटनाएं इन्ही मोड़ में इस साल हुई है। इस मार्ग में दो ब्लैक स्पाट है। वर्तमान में केवल 4 ब्लैक स्पाट है।

महासमुंद से लेकर घोड़ारी तक 11 घुमावदार मोड़ मिले। इन जगहों में सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। इन जगहों में हमेशा घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। पुलिस ने इन जगहों लोगों को जागरुक करने और सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के लिए सड़क पर कैट आई, रेडियम पट्टी के साथ सूचना पटल भी लगाए है।



हादसे में गई जान

| वर्ष | दुर्घटना | घायल | मौत |
|---|---|---|---|
| 2022 | 457 | 350 | 274 |
| 2023 | 482 | 398 | 301 |
| 2024 | 428 | 293 | 249 |

#### त्योहारी सीजन में ज्यादा घटनाएं

सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं शादी, छट्ठी और त्योहारी सीजन में ही घटते है, क्योंकि इस सीजन में लोग खरीदारी के लिए शहरों से आना जाना करते है। वही यातायात नियमों की अनदेखी कर लोग मालवाहक वाहनों में बाराती सवार होते है। क्षमता से अधिक लोगों बैठाते है। कार्रवाई और समझाइश के बाद भी लोग पिकअप वाहनों में सवारी ढोते हैं। और सड़क हादसे का शिकार हो रहे है। पिछले तीन सालों की दुर्घटनाओं में नजर डाले तो मार्च, अप्रैल, मई, अक्टूबर में सबसे अधिक सड़क हादसे हुए हैं।

#### नेशनल हाइवे में संकेतक बोर्ड नहीं लगाए

नेशनल हाइवे 353 में महासमुंद से बागबाहरा जाने वाले खल्लारी होते हुए ओडिशा जाने वाले मार्ग में 5 से ज्यादा घुमावदार मोड़ है। इन जगहों पर संकेतक बोर्ड नहीं लगाएं गए है। यातायात पुलिस के द्वारा नेशनल हाइवे अथारिटी को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। न ही यहां लाइट लगाई गई है। इसके चलते रात के अंधेरे में लोग सड़क हादसे में अपनी जान गंवा रहे है। वही हाइवे अथॉरिटी फंड का रोना रो रहे हैं। पिथौरा, सरायपाली बसना में भी इसी तरह के हालात है।

#### स्ट्रीट लाइट खराब, किनारे खड़े वाहनों से टकराने से जा रही जान

इस साल अक्टूबर और जून महीने में सबसे ज्यादा 62 लोगों की जान सड़क हादसे में गई है। जान गंवाने वालों में बाइक सवार युवा वर्ग शामिल है। इस मार्ग में लगाए गार स्ट्रीट लाइट कई खराब हो गए है।



### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नेशनल हाईवे 53 में बिरकोनी के एसबीआई के पास एक बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए। पुलिस को प्रार्थी दीपक वर्मा ने बताया कि 27 दिसंबर को उसकी पत्नी गायत्री वर्मा एवं बच्चे आरंग निवासी वीरेंद्र कुमार मेश्राम के साथ उसकी बेटी के जन्म दिवस में शामिल होने के लिये मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 7970 से बिरकोनी से आरंग जा रहे थे। करीब 2.30 बजे नेशनल हाईवे बिरकोनी एनएच 53 में एसबीआई के पास पहुंचे थे तभी कंटेनर वाहन क्रमांक एमएच 12 आरएन 8078 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सरायपाली से आरंग की ओर जाते समय ओवरटेक करते हुये मोटर सायकल ठोकर मार दिया। मोबाइल से सूचना मिलने पर प्रार्थी घटनास्थल पहुंचा, जहां पता चला कि वीरेंद्र कुमार मेश्राम, प्रार्थी की पत्नी, बच्चे आरंग के अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### खबर संक्षेप

#### इलेक्ट्रिक दुकान से कॉपर वायर चोरी



**महासमुंद।** नगर के बस स्टैंड स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान से कॉपर वायर चोरी की घटना हुई है। पुलिस को ग्राम पोटिया निवासी द्वारिका प्रसाद साहू पिता विजय साहू ने बताया कि 22 दिसंबर को जब वह महासमुंद बस स्टैंड स्थित अपने दुकान श्री नारायणी इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग दुकान पहुंचा तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था, दुकान को खोलकर देखने पर अंदर सामान बिखरे हुए थे और मोटर वाइंडिंग का तांबे का तार लगभग 10 किलो कीमत दस हजार रुपए नहीं था। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

#### पीएचडी एडमिशन के लिए साक्षात्कार 6 से

**महासमुंद।** पीएचडी प्रोग्राम में एडमिशन के लिए 6 से 9 जनवरी तक रविवि अध्ययनशाला में साक्षात्कार होगा। पीएचडी प्रवेश के नतीजे जारी हो चुके हैं। इसमें पास होने वाले उम्मीदवार प्रतिदिन सुबह 11 बजे से साक्षात्कार में शामिल होंगे। 6 जनवरी को अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, वाणिज्य, बायोटेक्नोलॉजी, वनस्पति शास्त्र, विधि, फार्मेसी, शारीरिक शिक्षा और कंप्यूटर साइंस विषय के लिए इंटरव्यू होगा। 7 जनवरी को इतिहास प्राचीन भारतीय इतिहास, हिंदी, समाजशास्त्र, शिक्षा, बायोसाइंस, रसायन, मैनेजमेंट, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी और गृह विज्ञान। 8 जनवरी को प्राणी विज्ञान, गणित, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, भाषा विज्ञान, संस्कृत, भौतिकी और मनोविज्ञान। 9 जनवरी को इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा अध्ययन, क्षेत्रीय अध्ययन, मानवविज्ञान, भू-विज्ञान और राजनीति विज्ञान विषय के लिए इंटरव्यू होगा।

#### जिपं सदस्य, सरपंच पदों के आरक्षण का प्रकाशन 3 को

**महासमुंद।** छग शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के पदों के आरक्षण की प्रक्रिया के लिए नई समय-सारणी जारी की गई है। विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे इस संशोधित समय-सारणी के अनुसार आरक्षण प्रक्रिया को नियमानुसार सुनिश्चित करें। जारी समय सारणी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 3 जनवरी को किया जाएगा। 8 से 10 जनवरी तक आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी और अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टरों द्वारा 10 जनवरी तक संबंधित जानकारी संचालक पंचायत को प्रेषित की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 3 जनवरी को होगा।

### वीर बाल दिवस पर महिलांग दंपति ने किया लंगर का आयोजन...





**महासमुंद।** शहर के महिलांग दंपति नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग व पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने गुरु को शहर के नेहरू चौक में वीर बाल दिवस के अवसर पर आम लंगर आयोजित कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान शहर के नागरिकों ने लंगर में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो कि गुरु गोविंद सिंघ के चार साहिबज़ादों के बलिदान को सिख समाज शहादत और बाल दिवस के रूप में मनाता है।

#### प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के 51 पदों पर होगी भर्ती

**महासमुंद।** पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, एसोसिएट, प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर के 51 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए वैकेंसी निकली है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक निर्धारित की गई है। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर के 31 पद है। इसी तरह प्रोफेसर के 8 और एसोसिएट प्रोफेसर के 12 पद निर्धारित की गई है। वही दूसरी ओर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए पात्र व अपात्र उम्मीदवारों की लिस्ट जल्द जारी की जाएगी। इसे लेकर विवि द्वारा तैयारी की जा रही है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अध्ययन कर सकते हैं।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


### मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में जारी किया येलो अलर्ट

## साल के अंतिम दिनों में बारिश की संभावना, तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में आगामी कुछ दिनों में मौसम की उलटफेर देखने को मिल सकती है। ठंड के दिनों में लोगों को बारिश का मजा भी मिल सकता है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के कई इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आने वाले दिनों में प्रदेश के उत्तरी हिस्से में गरज चमक के साथ कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। हालांकि अगले दो दिन तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है लेकिन इसके बाद तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट की उम्मीद है। वहीं अगर बारिश होती है तो लोगों को इस साल में आखिरी बार भीगने को मिलेगा, लेकिन जो किसान अपना धान अभी तक बेच नहीं पाए हैं और खलिहान में रखे है उनके लिए समस्या बढ़ जाएगी। खरीदी केंद्रों में धान खरीदी भी प्रभावित हो सकती है एवं केंद्रों में रखे धानों के भीगने की संभावना बनी हुई है।



#### इन जिलों में हो सकती है बारिश

मौसम विभाग की माने तो प्रदेश के राजनांदगांव, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, पेंड्रा, अंबिकापुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरबा, जशपुर, सरगुजा, मुंगेली, रायगढ़, जांजगीर, कबीरधाम और महासमुंद जिला में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किए हैं। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है।


आवश्यकता है

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समयः सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

# खुला दो साल से बंद गायनी वार्ड का ताला, मरीजों को मिलेगी 10 बेड की अतिरिक्त सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोनाकाल में संक्रमित गर्भवती महिलाओं को भर्ती करने के लिए उपयोग किए जाने वाले गायनी वार्ड का ताला दो साल बाद खुल गया है। नए साल में यहां आने वाले मरीजों को 10 बेड की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चार वार्ड में करीब 120 बेड मौजूद हैं, जो जरूरत के वक्त कई बार कम पड़ जाते हैं।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में सबसे ज्यादा मरीज आते हैं। ओपीडी के साथ यहां प्रसव के लिए भी बड़ी संख्या में मरीज भर्ती होते हैं। विभाग में वैसे तो चार वार्ड हैं, जहां 120 की क्षमता में मरीजों के लिए बिस्तर मौजूद होते हैं, मगर कई बार इनकी संख्या कम हो जाती है और मरीजों को बेड शेयर करने की जरूरत पड़ जाती है। कोरोनाकाल में आंबेडकर अस्पताल में बड़ी संख्या में संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया था। संक्रमित महिलाओं को सामान्य गर्भवती से दूर रखने के लिए पृथक वार्ड बनाया गया था। महामारी समाप्त होने के बाद कोविड वार्ड का उपयोग बंद कर दिया गया था। करीब दो साल बाद इस विभाग में लगा ताला पुनः खोला गया है और प्रसव के लिए आने वाली महिला मरीजों के लिए दस बेड का नया वार्ड बनाया गया है। इस नए वार्ड का लोकार्पण नए साल में मरीजों के उपयोग के लिए किए जाने की तैयारी है।

## वर्तमान में 120 बेड की क्षमता, जरूरत के हिसाब से कई बार कम पड़ते हैं

### एल-2 ट्रामा भी

आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा तैयार करने के लिए भी केंद्र सरकार से फंड मिला था। योजना के तहत निर्माण कार्य में कुल राशि का 40 फीसदी केंद्र सरकार को देना था। फंड के अभाव में तीन से चार साल पहले इस गंभीर मरीजों के लिए ट्रामा विस्तार की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। एक-दो बार इसके लिए प्रयास हुआ, फिर काम बंद कर दिया गया था। क्रिटिकल केयर यूनिट और ट्रामा का समायोजन भी प्रस्तावित नए सात सौ बिस्तर के इंटीग्रेटेड हास्पिटल में किया जाना है।



### नए भवन में एमसीएच यूनिट

पुराने बॉयज हास्टल की जगह बनाए जाने वाले सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन में मदर्स एंड चाइल्ड केयर यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए वहां ज्यादा बेड के साथ अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। आंबेडकर अस्पताल में काफी समय पहले एमसीएच का पृथक यूनिट बनाने की योजना को केंद्र सरकार से अनुमति मिली थी। इसके लिए वहां से करीब एक करोड़ फंड भी जारी हुआ था। उस दौरान प्रारंभिक स्तर पर योजना बनाई गई थी, फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

## खबर संक्षेप



### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्यशाला का समापन

**रायपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-सहायक औषधि नियंत्रक और औषधि निरीक्षक एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। द्वितीय दिवस में प्रशिक्षण का आरंभ ओमप्रकाश सदवानी सेवानिवृत संयुक्त औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन महाराष्ट्र के व्याखान पर प्रारंभ हुआ, जिसमें उनके द्वारा ड्रग एण्ड मैजिक रेमेडिस आब्जेक्टिनेबल एडवरटाइसमेंट एक्ट, 1954 के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। द्वितीय पाली में राजेन्द्र हरना रिटायर्ड राज्य औषधि नियंत्रक हरियाणा द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संदर्भ में विभिन्न महत्वपूर्ण संशोधनों के साथ विस्तृत जानकारी दी गई। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुशांत महापात्रा द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के अनुसार प्रकरणों की विधिसम्मत विवेचनाओं के बारे जानकारी साझा की गयी।

### पटवारी आरआई का यात्रा भत्ता बढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राजस्व निरीक्षक (आईआई) पटवारी समेत समकक्ष कर्मियों के यात्रा भत्ता में वृद्धि की है। जिन कर्मियों को 350 रुपए भत्ता दिया जा रहा, उन्हें अभ 1200 रुपए महीना मिलेगा और जिन कर्मियों को 300 रुपए भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें अब 1000 रुपए यात्रा भत्ता दिया जाएगा। वित्त विभाग के आदेश के मुताबित राजस्व निरीक्षक, विक्रय अमीन, ग्राम सेवक, सहायक विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र सहायक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंड पंप तकनीशियन को 350 की जगह 1200 रुपए यात्रा भत्ता की पात्रता होगी। इसी तरह जिला एवं तहसीलों के राजस्व विभाग के भृत्य एवं जमादार, वन राजस्व विभाग के चेनमेन, न्यायिक एवं वाणिज्यिक कर विभाग के प्रोसेस सर्वर तथा ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले पटवारियों को 300 की जगह 1000 रुपए यात्रा भत्ता मिलेगा।

### रेडक्रास सोसायटी के 5 सदस्यों का चुनाव 7 को

**रायपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायपुर में प्रबंध समिति गठन के लिए शेष 5 सदस्यों का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में एक साधारण सभा की बैठक 7 जनवरी को सुबह 11 बजे रेडक्रॉस सभाकक्ष कलेक्टर परिसर रायपुर रखी गई है। इस बैठक में 7 दिसंबर को प्रकाशित सूची में शामिल संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के नवीनीकरण 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में जिनका पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है और जिन्होंने अब तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है। वे 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते है। श्रमिक अपना पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया मोबाइल एप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकते है।

### राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा स्पर्धा कार्यक्रम में बदलाव

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। इसे देखते हुए राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाली 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता-2024 के कार्यक्रम में भी बदलाव किए गए हैं। इसके तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशाल खेल ज्योति यात्रा, मार्च पास्ट, मातृहस्त भोजन जैसे कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। वनवासी समिति के अध्यक्ष और वन मंत्री केदार कश्यप ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय शोक दिवस को देखते हुए वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता को सादगी एवं औपचारिक तरीके के साथ आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के समय में बदलाव करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद दोपहर 3 बजे से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा।

# व्यस्त चौराहों पर रोटरी बनाकर ट्रैफिक जाम से निपटने की तैयारी

*कलेक्टर, एसपी निकले शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की सुध लेने, दिए कई जरूरी निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था तथा शहर के ऐसे चौराहे जिसकी चौड़ाई कम है, ऐसे चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने रोटरी निर्माण कराया जाएगा। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पैदल जायजा लेने के लिए निकले। पैदल सड़कों पर निकले कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर सड़कों के किनारे नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन, गुमटी, ठेलों को प्रहरी टीम के माध्यम ने तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही जिन चौराहों पर रोटरी नहीं लगे हैं, उन स्थानों पर अस्थायी रोटरी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सड़कों के गड्ढे एवं पेचवर्क को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

- महिला थाना, राजीवगांधी चौक सहित कई चौराहों पर स्थायी रोटरी बनाए जाने की तैयारी

अफसर घड़ी चौक से पैदल ट्रैफिक व्यवस्था की जायजा लेने के लिए निकले। कई स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले पुराने वाहन को हटाने, पुराने खंबे एवं बिजली के बॉक्स, पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सड़कों पर फ्लैक्स रखने की वजह से भी यातायात बाधित होता है, ऐसे में उन फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई की जाए। अफसरों ने देवेंद्र नगर, शंकर नगर एवं खम्हारडीह चौक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देवांगन, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, सतीश ठाकुर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## इन चौराहों पर रोटरी बनाने निर्देश

- बंजारी चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर पक्का रोटरी निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- राजीव गांधी चौक – रोटरी का निर्माण किया जाना
- महिला थाना चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी का निर्माण
- लाखे नगर चौक– स्थायी रोटरी, डिवाइडर का निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- कमल विहाक चौक – सिग्नल लगाने निर्देश
- आमापारा चौक– अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, डिवाइडर निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- स्टेशन रोड– रेलवे स्टेशन के गेट नं–1 एवं 2 के मध्य डिवाइडर



- देवेन्द्र नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे – स्थायी रोटरी का निर्माण
- अवंति बाई (लोधीपारा) चौक – क्रिस्टल आर्कट की ओर से आने वाले मार्ग में लेफ्ट टर्न में बाधित दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने निर्देश
- पंडरी कपड़ा मार्केट रोड – कपड़ा मार्केट जाने के लिए वर्तमान में केवल एक ही मार्ग है। मुख्य मार्ग के समानान्तर मार्ग में स्थित दो दुकान को हटाकर नया मार्ग का निर्माण
- खम्हारडीह थाना चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- शंकर नगर एक्सप्रेस–वे चौक – वर्तमान में लगा सिग्नल आईटीएमएस का एवं सिग्नल में वीएसी मोड नही होने के कारण सिग्नल संचालन में असुविधा, महिला थाना चौक के सिग्नल को शिफ्ट करने निर्देश
- कृष्ण कुंज – अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक सर्विस रोड नही होने से रॉग साइड मुव्हमेंट होता है, जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक कृष्ण कुंज के सामानांतर सर्विस रोड निर्माण के निर्देश।
- रिंग रोड नं 1 – महासमुंद बैरियर से चंद्रा आईकॉन तक सर्विस रोड का निर्माण
- कमल विहार चौक देवपुरी – संतोषीनगर रोड में भारी मालवाहक वाहन प्रतिबंधित करने से कमल विहार चैक देवपुरी मार्ग में यातायात दबाव बढ़ने के साथ जाम की स्थिति। जाम से निपटने लाखे नगर चौक के सिग्नल को कमल विहार चैक में शिफ्ट करने निर्देश

# दूसरे विश्वविद्यालयों से प्रोफेसर बुलाएगा रविवि, छात्रों को मिलेंगे टिप्स, बताएंगे न्यू ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब दूसरे विश्वविद्यालयों से प्राध्यापकों को आमंत्रित करेगा। कैमेस्ट्री विभाग में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। अन्य विभागों में भी इसकी तैयारी की जा रही है। रविवि विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम के तहत प्राध्यापकों को आमंत्रित कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि छात्रों को अन्य विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों का भी मार्गदर्शन मिल सके और वे उन्हें नए टिप्स दे सकें। इसके अलावा प्राध्यापक उन्हें संबंधित विषय से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार की संभावना बताने के साथ ही नए ट्रेंड के विषय में बताएंगे। विवि प्रबंधन का मानना है कि इससे छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन में सुधार आएगा। किसी भी प्राध्यापक को व्याख्यान के लिए आमंत्रित करने निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निर्धारित की गई प्रक्रिया के अंतर्गत विवि अध्ययनशाला द्वारा उन प्राध्यापकों के नाम भेजे जाएंगे, जिन्हें वे व्याख्यान के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं।



### कोलकाता से किए गए आमंत्रित

*विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम की शुरुआत कैमेस्ट्री डिपार्टमेंट से की गई है। कोलकाता विवि से प्रो.नीतिन चटोपाध्याय को आमंत्रित किया गया है। अन्य विभागों से भी उन प्राध्यापकों के नाम मंगाए गए हैं, जिन्हें वे अतिथि व्याख्याता के रूप में आमंत्रित करना चाहते हैं। यह पहली बार है, जब रविवि अन्य विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को मानदेय के आधार पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित कर रहा है।*

### एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार

विजिटिंग प्रोफेसर को किए जाने वाले भुगतान को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। चयनित विजिटिंग प्रोफेसर साल में दो बार सप्ताह भर के लिए रविवि आ सकेंगे। उन्हें प्रति व्याख्यान 2.5 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा, लेकिन एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार से नहीं होगा, चाहे वे कितनी भी कक्षाएं लें। सभी विभागों के व्याख्यान के लिए ये ही नियम लागू रहेंगे। रविवि अध्ययनशाला में अधिकतर स्नातकोत्तर कक्षाओं का ही संचालन होता है। ऐसे में विशेषज्ञ व्याख्याता ही आमंत्रित किए जाएंगे, जो विषय का ज्ञान गहराई से छात्रों को दे सकें।

# रायपुर सहित राज्य के 14 जिलों में 29 नए थाना खोलने की तैयारी

## जिलों से मिले प्रस्ताव पर मुख्यालय स्तर पर कार्यवाही शुरू, मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के 14 अलग-अलग जिलों के 29 स्थानों पर नए थाना खोलने शासन स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि संबंधित जिलों के एसपी ने पूर्व में थाना खोलने शासन के प्रस्ताव भेजा था। उसी प्रस्ताव के अनुरूप जिन स्थानों में थाना खोलने पूर्व में प्रस्ताव भेजे गए हैं, वहां पिछले तीन वर्षों में अपराधों की संख्या तथा जहां नए थाने खोलने हैं, वहां से मूल थाना क्षेत्र की दूरी की जानकारी देने संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिए गए हैं।

- ज्यादातर प्रस्ताव नक्सल प्रभावित जिलों से, राजा तालाब में भी खुलेगा थाना

जिन जिलों में नए थाना खोलने तैयारी की गई है, उनमें रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, धमतरी, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, जशपुर, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा शामिल है।

रायपुर के राजातालाब को भी चौकी से उन्नयन कर थाना खोलने प्रस्ताव भेजा गया है। सबसे ज्यादा प्रस्ताव नक्सल प्रभावित बस्तर इलाके में थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं। बस्तर में 17 नए थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं।

### राज्य में वर्तमान में इतने थाना संचालित


राज्य के अलग-अलग जिलों के शहरी तथा कस्बाई क्षेत्र में वर्तमान में 482 थाना संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 32 ट्रैफिक थाना तथा पांच रेंज साइबर थाना संचालित हो रहे हैं। रेंज साइबर तथा ट्रैफिक थानों को जोड़ दें, तो कुल 519 थाने संचालित हो रहे हैं। 29 नए थाना खुलने से संख्या बढ़कर 548 हो जाएगी।

### इन जिलों में इन स्थानों पर थाना खोलने प्रस्ताव

- **रायपुर** : राजातालाब नूरानी चौक
- **बलौदाबाजार** : निपनिया
- **महासमुंद** : बड़े साजापाली, गढ़फुलझर
- **धमतरी** : सिंगपुर, आमदी नगर पालिका निगम शहरी क्षेत्र
- **बालोद** : मंगलतराई, करहीभदर, लाटाबोड़
- सारंगढ़-बिलाईगढ़ - गोड़म
- **कोरबा** : चोटिया
- **जशपुर** : तमता
- **बस्तर** : धरमपुरा, आड़ावाल
- **कांकेर** : कापसी
- **कोण्डागांव** : कुंए
- **बीजापुर** : पुजारी कांकेर, कोण्डापल्ली
- **नारायणपुर** : गारपा, कस्तुरमेटा, फरसबेड़ा, तोके, गोमांगल, कुतुल
- **सुकमा** : एलमागुण्डा, डब्बाकोंटा, पुरना, चिंगापरम, सिलगेर

# भागवताचार्य पं. ओझा नए वर्ष में आएंगे सुनाएंगे भागवत कथा

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा की ओजस्वी वाणी जल्द ही राजधानी रायपुर में सुनाई देगी। जैनम मानस भवन, विमानतल रोड पर मिरानी ग्रुप ने श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ में एक बड़ा साधक समूह पं. ओझा के मुखारबिंद से कथा सुनने आतुर है। छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रांतों व जिलों से लोग कथा सुनने पहुंचेंगे, इसलिए आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है। नए वर्ष 2025 के जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में कथा पाठ करने वे रायपुर आ रहे हैं। रायपुर में व्यासपीठ से उन्हें प्रत्यक्ष सुनने का मौका मिलेगा। कथा की शुरुआत 2 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और पं. ओझा द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। कथा का रोजाना समय शाम 4 से 7.30 बजे तक रहेगा। आस्था व धर्म संदेश चैनल पर कथा सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।




# फिल्मी अंदाज में मारपीट और लूट चार बदमाश गिरफ्तार, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घर के लिए किराना सामान लेने गए व्यक्ति को घेरकर फिल्मी अंदाज में मारपीट कर 50 हजार रुपए लूट करने के आरोप में गुढ़ियारी पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों का पुलिस ने उनके आड़े-तिरछे बाल कटवाकर जुलूस निकालकर कानून का पाठ पढ़ाया। घटना पांच दिन पूर्व की है। बदमाशों ने जहां मारपीट तथा लूट की घटना की थी, पुलिस ने बदमाशों को उसी जगह ले जाकर सबक सिखाया। कलिंग नगर निवासी बृजेश शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने सुनील उर्फ विद्याधर सोनी, देशी उर्फ छोटू उर्फ सोमनाथ सोना, भुरू उर्फ विरेंद्र संेंद्रे तथा राजा नायक को गिरफ्तार किया है। बृजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मिराज पेट्रोल पंप के पास घर के लिए सामान खरीदने गया था। वहां पूर्व से खड़े सुनील तथा उसके साथियों ने उसके साथ बेवजह गाली-गलौज की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे चारों तरफ से घेरकर मारपीट की। मारपीट कर रहे बदमाश अपने हाथ में चाकू रखे हुए थे।

- किराना सामान खरीदने गए व्यक्ति को बदमाशों ने घेरकर मारपीट करने के बाद गाड़ी की डिक्की से रुपए निकाल लिए थे



### बाथरूम में छिपकर बचाई जान

*बृजेश के अनुसार बदमाशों ने चाकू निकालकर उस पर हमला करने की कोशिश की, तो वह अपनी दोपहिया छोड़ बाजू के पेट्रोल पंप के वाशरूम में जाकर खुद को बचाया। बृजेश के अनुसार उसकी एक्टिवा में चाबी लगी हुई थी। बदमाश देख लेने की धमकी देते हुए बृजेश की एक्टिवा अपने साथ ले गए और थोड़ी दूर जाने के बाद एक्टिवा की डिक्की में रखे 50 हजार रुपए निकालकर बीयर की बोतल भर दी।*

### घटना की जानकारी देने पर मारने की धमकी

*बृजेश ने पुलिस को बताया कि बदमाश गाड़ी ले जाने के थोड़ी देर बाद उसे गाड़ी देने लौटे। बदमाश उसे फिल्मी अंदाज में घटना की जानकारी किसी को देने तथा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पर पूरे खानदान को जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।*

## आज दिल्ली में लिया जाएगा फैसला

# भाजपा का 36 जिलाध्यक्षों के लिए पैनल तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश के 36 संगठन जिलों के जिलाध्यक्षों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल शुक्रवार को तय हो गया है। अब इस पैनल पर दिल्ली में रविवार को चर्चा कर जिलाध्यक्षों का ऐलान किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने यहां पहुंच कर संगठन चुनाव को लेकर समीक्षा की। इसी के साथ पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी बैठक की है।

- प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने संगठन चुनाव की प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा



### हर वर्ग का रखा जाएगा ध्यान : पटेल

भाजपा के केंद्रीय संगठन चुनाव पर्यवेक्षक और खरगोन-बड़वानी के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, जिलाध्यक्षों के चुनाव में हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा। जातिगत समीकरण, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, पूर्व पदाधिकारी के काम के आधार और पूरे जिले की आवश्यकता को देखते हुए ही जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। श्री पटेल ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के विचार के आधार पर संगठन को गढ़ा जाता है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और केंद्रीय संगठन चुनाव पर्यवेक्षक व सांसद गजेंद्र सिंह पटेल शुक्रवार को रायपुर पहुंचे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, संगठन चुनाव प्रदेश प्रभारी खूबचंद पारख व जिला चुनाव अधिकारियों के साथ संगठन चुनाव की समीक्षा की। बैठक में सभी जिलों के चुनाव प्रभारियों व सह प्रभारियों से प्रदेश प्रभारी श्री नवीन सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने वन टू वन चर्चा की और उनके क्षेत्र में बूथ व मंडल में चुनाव की जानकारी ली। अब तक 23 हजार चार बूथों में चुनाव हो गए हैं। सात सौ बूथों के चुनाव बचे हैं। 476 मंडलों में से 421 में चुनाव हुए हैं। इसमें से तीन मंडलों के चुनाव रद्द कर दिए गए हैं। कुछ और मंडलों के भी चुनाव रद्द होने की संभावना है। इसी के साथ जिला अध्यक्ष पद के लिए आए दावेदारों के नामों पर चर्चा करने के बाद तीन-तीन नामों का पैनल तय किया गया है। जिला अध्यक्षों के नामों के पैनल पर केंद्रीय चुनाव समिति में चर्चा कर अंतिम निर्णय किया जाएगा।

### निकाय-पंचायत चुनावों को लेकर भी हुई बैठक

संगठन चुनाव समीक्षा बैठक के तुरंत बाद नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु महामंत्रियों, संभाग प्रभारियों की बैठक हुई। इस बैठक में निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा की प्रभावी जीत के संबंध में मार्गदर्शन किया गया। चुनाव को लेकर सभी से तैयारी करने के लिए कहा गया। बैठक में महामंत्री संगठन पवन साय , खूबचंद पारख, महामंत्री रामू रोहरा, रामजी भारती, भरत लाल वर्मा, रायपुर संभाग व पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह, दुर्ग संभाग व नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी उपस्थित रहे।

# रविवि की छात्रा सात दिन से लापता धरने पर बैठीं डोंगरगढ़ विधायक



सरस्वती नगर थाने में एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से लापता छात्रा की खोज गंभीरतापूर्वक करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल सरस्वती नगर थाना में शुक्रवार को धरने पर बैठ गईं। उनके साथ पालता बालिका के माता-पिता और ग्रामवासी भी थे। इसके पूर्व विधायक विश्वविद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने गायब छात्रा के संदर्भ में विवि प्रशासन से जानकारी ली। गौरतलब है कि रविवि के गर्ल्स हॉस्टल से एमएससी फाइनल ईयर की 25 वर्षीय छात्रा 7 दिसंबर से गायब है। 20 दिन बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन प्रारंभ की है, लेकिन अब तक छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया है।


**खबर संक्षेप**

## पिछड़ा वर्ग संगठित रहे, हर जिले में हो ऐसा ही अधिवेशन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन जिला बालोद का अधिवेशन विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा, पिछड़ा वर्ग को संगठित रहना चाहिए और सभी जिलों में संगठन का विस्तार होना चाहिए, विशेषकर युवाओं की भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आयोजक जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को बधाई दी, जिन्होंने सभी समाज के प्रमुखों का सम्मान कर एक सूत्र में पिछड़ा वर्ग को पिरोने का काम किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संगठित होने का आव्हान किया।

## अनिल तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक बने



**रायपुर।** संघ के पूर्व महामंत्री एवं कोटवार संघ, प्रशिक्षित गो-सेवक संघ, संयुक्त शिक्षक संघ के प्रमुख प्रांतीय सलाहकार अनिल श्रीवास्तव को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांतीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने संघ में प्रत्यय शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का प्रांतीय संरक्षक नियुक्त किया है। कोटवार संघ के अध्यक्ष प्रेमकिशोर बाग, नागेश्वर चौहान, त्रिलोकी मानिकपुरी, गिरवर मानिकपुरी, संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री सुभाष शर्मा, प्रशिक्षित गो-सेवक संघ के प्रांताध्यक्ष सोमनाथ यादव ने नियुक्ति का स्वागत करते हुए हर्ष जताया है।

## बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई की निंदा

**सिलयारी।** सामाजिक कार्यकर्ता राणा साहू प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां की आमासिवनी भाटापारा के सैकड़ो मकान को तोड़ने की साजिश चल रहा है । 50 सालों से गरीब लोग अपना कच्चे और पक्के मकान बना निवास कर रहे हैं । जिस समय विधानसभा की जमीन नहीं हुआ करते थे। उसके पहले से ही लोग अपना मकान बना चुके थे ।

# भाजपा ने आरक्षण में कटौती कर पिछड़ा वर्ग को अधिकारों से किया वंचित: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के

- भाजपा सरकार का पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरा आया सामने
- भाजपा ने पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा को किया दरकिनार

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण नीति में छेड़छाड़ कर प्रदेश के बहुसंख्यक वर्ग पिछड़ा वर्ग समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में ओबीसी का आरक्षण 50 प्रतिशत था, लेकिन हाल ही में जारी अधिसूचना के तहत यह आरक्षण नगण्य कर दिया गया है। आरक्षण में कमी से ओबीसी समाज को काफी नुकसान हुआ है। जिससे आज ओबीसी वर्ग में सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि पहले क्रम में पंचायती राज अधिनियम के तहत 2024 में आरक्षण को संशोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत को शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। लेकिन, इसका पालन नहीं किया गया। प्रदेश के अनेक हिस्सों में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण शून्य है। आरक्षण व्यवस्था पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है। महासमुंद जिले के 3 नगर पंचायत व 3 नगर पालिका क्षेत्रों में भी पिछड़ा वर्ग आरक्षण में भारी कटौती की गई है। पिछड़ा वर्ग के वार्डों के आरक्षित सीटों को या तो सामान्य कर दिया गया है या फिर अन्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। चंद्राकर ने कहा कि आरक्षण नियमों में बदलाव करते वक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा था कि पिछड़ा वर्ग की जहां जनसंख्या ज्यादा है, वहां पंचायत और नगरीय निकाय क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग को लाभ दिया जाएगा। लेकिन, भाजपा सरकार ने जो नए नियम तय किया है उसमें ओबीसी वर्ग को अलग से कोई आरक्षण का लाभ देने का उल्लेख नहीं है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं नगरीय निकायों में अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लिए 50 या उससे अधिक स्थान आरक्षित हो वहां पर पिछड़ा वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं करने का स्पष्ट उल्लेख है। पूर्व में कांग्रेस की सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में भी पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित थी, लेकिन अब ऐसा नहीं रहा। जिसके चलते अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को नुकसान हो रहा है। भाजपा सरकार ओबीसी विरोधी है। आरक्षण प्रक्रिया में पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा को भी दरकिनार कर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि सरकार के दुर्भावना पूर्वक नीतियों के चलते हैं ओबीसी वर्ग को उनके हक के अनुरूप आरक्षण के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इस बार बागबाहरा नगर पालिका में पिछड़ा वर्ग को पार्षद पद के लिए मात्र एक सीट ही मिली है। पिछले बार यह संख्या चार थी। जिले के मात्र एक पालिका क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के अधिकारों पर 75 प्रतिशत कटौती कर दी गई है। इसी तरह अन्य नपं व पालिका क्षेत्रों में भी ओबीसी वर्ग के सीटों को या तो अन्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है या फिर सामान्य कर दिया गया है। जो सीधे अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को चुनाव से वंचित करने का षड़यंत्र है।



### जिले में दो नवीन थाने की मिलेगी सौगात

# न्याय मिलेगा और अपराधियों पर लगेगी लगाम : सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ में 14 जिले में 14 नवीन थाना के लिए आए प्रस्ताव को भेज कर थाना के लिए स्वीकृति प्रदान करने मनीष शर्मा पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सभी 14 जिलों के पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर तीन बिंदुओं में जानकारी मंगवाई गई है। जिसमें महासमुंद जिला से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया के प्रयास से सरायपाली विधानसभा के ग्राम बड़े साजापाली व बसना विकासखंड के ग्राम गढ़फुलझर को नवीन थाना के लिए स्वीकृति प्रदान करने प्रस्ताव बना कर भेजा गया है।



बता दें वर्तमान में सरायपाली विधानसभा में तीन थाना सरायपाली, सिंघोड़ा, बलौदा और एक चौकी भंवरपुर आते हैं, जिसमें एक मात्र भंवरपुर चौकी बसना थाना के अंतर्गत आता है। अगर बड़े साजापाली को थाना की स्वीकृति मिलती है तो सरायपाली विधानसभा में चार थाना और एक चौकी हो जाएंगे। दिए गए नवीन थाना के लिए आए प्रस्ताव के आधार पर तीन बिंदुओं में उपपुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक को जानकारी मांगी गई है। जिसमें नवीन पुलिस थाना मूल थाना तथा सीमावर्ती थाना से कितनी दूरी है, विगत 3 वर्षों में मूल थाना में घटित अपराधों की वार्षिक संख्या वर्ष वार, मूल थाना से पृथक कर जिन क्षेत्रों से नवीन थाना प्रस्तावित है उन क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों में घटित अपराधों की संख्या प्रतिशत आदि की जानकारी उपपुलिस महानिरीक्षक कार्यालय को उपलब्ध करवाने पत्र प्रेषित किया गया है। सरला कोसरिया ने आगे कहा कि अगर बड़े साजापाली में नवीन थाना स्वीकृत होता है तो अपराधों में कमी आएगी। बड़े साजापाली क्षेत्र आसपास के दर्जनों गांव का मध्य स्थित है, जो एक थाना के लिए योग्य स्थान है, इसलिए आसपास के दर्जनों गांव की मांग अनुरूप बड़े साजापाली को थाना के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है और उम्मीद है कि बहुत जल्द बड़े साजापाली और बसना के गढ़फुलझर में नवीन थाना की सौगात मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार द्वारा दी जाएगी। जिससे लोगों को अब थाना के लिए लंबी दूरी तय करना नहीं पड़ेगा। नजदीक में ही उन्हें न्याय मिलेगा और अपराधियों में भी लगाम लगेगा।

### स्लीपर-जनरल कोच फिर ठसाठस

# 21 लोकल ट्रेनों के पहिए थमने से एक्सप्रेस पर बढ़ा दबाव, दोगुने यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकल ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को शुक्रवार के दिन बसों में सफर करना पड़ा। रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य शुरू किया गया, जिसके कारण रायपुर से दुर्ग व डोगरगढ़ जाने वाली 21 ट्रेनें रद्द रहीं। एक्सप्रेस ट्रेनों की ठंड के कारण लंबी लेटलतीफी के बीच लोकल गाड़ियों के रद्द होने से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी दिक्कत हुई।

हरिभूमि सरोकार

इस वजह से बिलासपुर और राजनांदगांव के साथ दुर्ग से रायपुर रोजाना अप-डाउन करने वाले हजारों लोकल ट्रेन के यात्री एक्सप्रेस में सफर कर रहे हैं। ऐसे में एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच के साथ स्लीपर कोच यात्रियों से पैक हो चुके हैं। आलम ये है कि भीड़ की वजह से स्लीपर में सफर करने यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। शुक्रवार को आजाद हिंद, समता, संपर्क क्रांति, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में काफी भीड़ रही। ट्रेनों के निर्धारित समय पर नहीं चलने के कारण भी हर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो चुकी है, इस वजह से कन्फर्म टिकट के यात्रियों को सफर में असुविधा होने लगी है।





### दो हजार एमएसटी यात्रियों को दिक्कत

छोटे स्टेशनों से रायपुर आने-जाने वाले यात्रियों को अब ट्रेन की जगह बस में सफर करना पड़ रहा है, जिसमें उन्हें ट्रेन के किराए की तुलना में 30 रुपए तक अधिक देने पड़ रहे हैं। मंडल में 2 हजार से अधिक लोकल ट्रेन में सफर करने वाले एमएसटी कार्डधारक यात्री हैं। ऐसे में यात्रियों को शहर आने के लिए अधिक किराए के साथ ट्रेनों की लेटलतीफी से भी जूझना पड़ रहा है। सुबह 6 से रात 9 बजे तक एक्सप्रेस ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है।



- रायपुर से दुर्ग और डोंगरगढ़ जाने वाली 21 लोकल रद्द होने से दिनभर बसों में रही यात्रियों की भीड़

### दुर्ग की बसों में भारी भीड़

रायपुर से दुर्ग जाने के लिए यात्रियों ने बस से सफर किया। एक्सप्रेस ट्रेन 4 से 5 घंटे तक लेट रही। रोजाना लोकल ट्रेनों में 20 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। लोकल ट्रेन नहीं चलने से लोगों ने अधिक किराया देकर बसों में सफर किया। कुम्हारी में सिग्नल का काम 30 फीसदी पूरा किया जा चुका है। शनिवार को भी काम चलेगा, जिसके कारण रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कत होगी। रायपुर आने के लिए दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव की बसों में भारी भीड़ देखने को मिली।

## बच्चों को दिया जा रहा सैन्य प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहीद स्मारक खरोरा में बीते दस महीने से अग्नि वीर बच्चों को सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्व सैनिक संगठन ने सैन्य प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से परीक्षा भी ली। इन बच्चों द्वारा शहीद स्मारक पर साफ-सफाई की गई। जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप कुमार चंद्राकर, कनक राम निषाद, लक्ष्मीचंद नेताम आदि मौजूद रहे।

## बिना बैंक गारंटी ग्रेसफुल एजेंसी को करोड़ों रुपए के यूनिपोल विज्ञापन का वर्क ऑर्डर: मीनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की विज्ञापन यूनिपोल एजेंसियों पर करोड़ों रुपए बकाया राशि को लेकर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर पर आरोप लगाया है कि पिछले दो वर्ष में शहर में अनेक स्थानों पर यूनिपोल लगाए गए हैं, वे सभी महापौर की सहमति से ही लगे हैं, क्योंकि उनकी सहमति के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है। इन एजेंसियों पर विज्ञापन के एवज में करोड़ों रुपए की राशि बकाया है, जिससे राजस्व के रूप में प्रशासन को नुकसान हुआ है। उन्होंने बिना बैंक गारंटी के ग्रेसफुल एजेंसी को करोड़ों रुपए के वर्क ऑर्डर जारी करने पर भी सवाल उठाया है।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने जारी बयान में कहा कि महापौर पहले यूनिपोल की अनुमति देते हैं और बाद में बकाया राशि वसूली नहीं करने का आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेसफुल मीडिया के मामले में लगातार कार्यवाही की बात सामने आ रही है। लगभग तीन महीने में ग्रेसफुल मीडिया के यूनिपोलों को नगर निगम द्वारा राजसात कर लिया गया है, मगर इन तीन महीनों से इन यूनिपोलों के लिए कोई टेंडर नहीं निकाला गया है, जिससे नगर निगम को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# शंकराचार्य निश्चलानंद बोले- आरएसएस के पास गुरु, ग्रंथ और गोविंद का बल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने शुक्रवार को श्री सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम रावांभाठा में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों से चर्चा की। मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर शंकराचार्य ने तंज कसते हुए कहा कि स्वयंसेवक बनते-बनते सर्व संचालक बन जाते हैं। इन्हें बारह महीने बोलना है, इसलिये कुछ भी बोल देते हैं। बाद में लज्जित होते हैं और कह देते हैं कि हमारे बयानों की आलोचना करने का सबको अधिकार है।

पुरी शंकराचार्यजी ने यह भी कहा कि यह संघ की लाचारी है कि उनके पास गुरु, गोविंद और ग्रंथ का बल नहीं है। आरएसएस अगर एक भी ग्रंथ अपना लेता तो उसे ग्रंथ बल मिल जाता, इसके बिना उसका स्थान बहुत छोटा है। नकली शंकराचार्य के बारे में पुरी शंकराचार्यजी ने कहा कि देश में नकली राष्ट्रपति, नकली प्रधानमंत्री नहीं बन सकते तो फिर नकली शंकराचार्य बनाकर क्यों महिमा मण्डित किया जा रहा है।

ये पीएम मोदी और सीएम योगी द्वारा मान्य शंकराचार्यों की अवहेलना है, क्योंकि मान्य शंकराचार्य शास्त्र सम्मत और सबके लिए हितप्रद बातें बताते हैं, जिनसे राजनीतिज्ञों के लिए हितकर नहीं होता और इसीलिए उनके अनुसार चलने वाले नकली शंकराचार्यों को प्रश्रय देते हैं।

### जब तक हिंदू सुरक्षित, तब तक पूरी कौम भी सुरक्षित

पुरी शंकराचार्य ने आगे कहा कि सबके पूर्वज वैदिक आर्य हिंदू सनातनी हैं और जब तक हिंदू सुरक्षित है, तब तक अन्य सारी कौम भी सुरक्षित है। अगर हिंदू ही नहीं रहेंगे तो इन्हें भी मार, काटकर भगा दिया जाएगा। शंकराचार्य ने स्पष्ट शब्दों यह भी कहा कि जब तक हिंदू सिर्फ पेट और परिवार तक सीमित रहेगा तो उनकी दुर्दशा होती रहेगी। माता के अधिकार के बारे में पूछे जाने पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि पुरुषों से अधिक माताओं का अधिकार शास्त्रों में बताया गया है। श्रीरामचरित मानस में कहा गया है, जौं केवल पितु आयसु ताता, तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता अर्थात हे तात! यदि केवल पिताजी की ही आज्ञा हो तो माता को (पिता से) बड़ी जानकर वन को मत जाओ। गौरतलब है कि राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत नौ दिवसीय प्रवास पर पुरी शंकराचार्य का 22 दिसंबर को रायपुर आगमन हुआ है। रावांभाठा स्थित शंकराचार्य आश्रम में पुरी शंकराचार्य 30 दिसंबर तक रहेंगे।



## खुटेरी प्राचीन ईंट मंदिर बना असामाजिकतत्वों का अड्डा



**मंदिर हसौद।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग एन एच 53 के किनारे स्थित नवागांव खुटेरी में पुरातत्व विभाग द्वारा 16-17 शताब्दी ईस्वी निर्मित मंदिर जो कि में 12- 13 सती ईस्वी में निर्मित हुए किसी ध्वस्त मंदिर के द्वार चौखट एवं स्तंभ इसमें प्रयुक्त हुआ है। जिसके रखरखाव के लिए संस्कृतिक एवं पुरातात्विक विभाग द्वारा चौकीदार नियुक्त किया हुआ है। जो की महीने में मात्र दो बार ही साफ सफाई करने आते हैं । जहां वहीं प्राचीन ईट निर्मित मंदिर का हालात जर्जर हो चुका है जहां पर ना तो साफ सफाई किया जा रहा है। और न ही कोई रख रखा पर ध्यान दिया जा रहा है ।




आवेदन आमंत्रित

पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)

अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर



## खबर संक्षेप



### विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने पोस्टमार्टम सेंटर में आवागमन के लिए सीसी रोड का भूमिपूजन किया तथा वार्ड 02 मीना बाजार परिसर में महादेव मंदिर निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। बाजार चौक डबरी पार में निर्माण, वार्ड नं 06 में नाली मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य का भी किया गया। नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर गोड़धोवा तालाब एवं वार्ड नं 06 गोविंदा तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण व पिचिंग कार्यो निरीक्षण किया गया।

### बच्चों को दिया जाएगा कैरियर गाइडेंस

**नर्रा।** कर्मचारी प्रकोष्ठ छग मरार पटेल समाज महासंघ के तत्वावधान में रविवार 29 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाइडेंस समारोह छग प्रदेश शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा बच्चों को कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा। यह कार्यक्रम बच्चों के शैक्षणिक विकास और प्रतिभाओं को निखारने के लिए किया जा रहा है, पालकों से अपीलकी गई है कि शिक्षार्थियों को इस महाकुंभ में अपने बच्चों को अवश्य शामिल होने के लिए प्रेरित करें। छग को मरार पटेल समाज महासचिव ने उक्त कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों, पालकगण एवं जिला समाज प्रमुखों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की हैं।



### सिंघनपुर में मेला मड़ई आज

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर में मेला मड़ई उत्सव का आयोजन 29 दिसंबर रविवार को किया गया है। रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोक संध्या सांस्कृतिक की प्रस्तुति होगी।

**धर्म-कर्म : नयापारा संतोषी मंदिर के पास शिवमहापुराण कथा का आयोजन, कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालुजन**


# तप-व्रत की पवित्रता में है अलौकिक शक्तिः पं सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नयापारा संतोषी मंदिर के पास चल रहे शिवमहापुराण कथा के पांचवें दिन प्रवचनकर्ता पंडित सुनील प्रसाद पांडेय ने श्रोताओं को पूजा, उपवास के महत्व और व्रत की शक्ति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि शिवमहापुराण में भगवान शिव का वरण करने माता पार्वती ने भी निराहार रहकर जो कठोर तप किया उसी के फलस्वरूप उनका विवाह शिवशंकर से हुआ।

माता पार्वती के नामकरण की कथा बताते हुए पं सुनील पांडेय ने कहा कि हिमालय पर्वत और मैना रानी के घर जन्मी पर्वत राजा की पुत्री होने के कारण उनका नाम पार्वती रखा गया, जिसका अर्थ पर्वतों की रानी भी है। पार्वती का भविष्य बताते हुए नारद ने कहा था कि इसका वर बावला होगा, परंतु सभी देवताओं का पूजनीय भी होगा। शिव को पति के रूप में पाने कठिन तप माता ने किया, तब महर्षि नारद ने उन्हें ओम नमः शिवाय का पंचाक्षर मंत्र का जाप करने कहा। भगवान शंकर ने पार्वती की प्रेम की परीक्षा लेने सप्तऋषियों को भेजा और सप्तऋषियों ने पार्वती को अनेक प्रकार से समझाया कि शंकर औघड़, अमंगल वेशभूषा जटाधारी है। तुम राजा की पुत्री हो वो तुम्हारे विवाह के योग्य नहीं है। परंतु, पार्वती अपने विचारों पर अडिग और दृढ़ रही, तब सप्तऋषियों ने उनका मनोरथ पूर्ण होने का वरदान दिया। जब शिवजी तक यह बात पहुँची तो वो भी प्रसन्न हो गए कि पार्वती को अभी भी सती रूप का स्मरण है। सुनील प्रसाद ने बताया कि सती के आत्मदाह के बाद जब पूरा विश्व शक्तिहीन हो गया, तब तारक दैत्य ने देवों को परास्त कर त्रिलोक पर कब्जा किया। तब संतों ने आदिशक्ति की आराधना कर आह्वान किया और आदिशक्ति मां ने कहा कि गौरी रूप में पार्वती शिव के विवाह पश्चात शिव के औरस पुत्र के हाथों उसका अंत होगा। माता पार्वती के कठोर तप से भी शिव के मन में पार्वती के प्रति आसक्ति नहीं होता देख, देवताओं ने प्रेम और सौदर्य के प्रतीक कामदेव और उनकी पत्नी रति को जहा शिवजी तप मुद्रा में थे, वहां से उनका ध्यान भंग कर उनके मन में पार्वती के लिए सम्मोहन जगाने के लिए भेजा गया। तप मुद्रा में बैठे भगवान शंकर पर कामदेव ने अपना बाण चलाया, जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोल दिया और उसकी आग में कामदेव जलकर भस्म हो गया। जब रति ने विलाप किया तो शिव ने कहा कि उनका त्रिनेत्र से कामदेव की मृत्यु हुई वो जीवित नहीं हो सकता। परंतु, द्वापर में कृष्णयुग में कामदेव का पुनर्जन्म होगा और रति को उसका पति प्राप्त हो जाएगा।





पंडित ने आगे बताया कि उधर राजमहल छोड़कर जंगल में कठोर तप कर रही पार्वती ने रेत का शिवलिंग बनाकर प्रतिदिन दूध, फल फूल, जल से प्रतिदिन ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए पूजा अर्चना करना प्रारंङ किया। एक तरफ पुत्री वियोग में पिता हिमालय विचलित थे, उन्हें पार्वती विवाह की चिंता भी थी । माता की तप से प्रकृति में ऐसा पवित्र वातावरण बना की शेर और गौमाता दुश्मनी भूल एक साथ रहने लगे। आखिर में शिव ने स्वयं ब्राम्हण बनकर वहां पहुंचकर पार्वती की परीक्षा ली। संदेश भी पहुंचाया कि शंकर तो भस्म भभूति वाले औघड़ है उनके वर बनने के योग्य नही है। फिर भी पार्वती को अपने निर्णय पर अडिग देखकर इतना बोलकर शिवजी अंतर्ध्यान हो गए। माता को शंकर भगवान का दर्शन का अहसास हो गया और वो तपभूमि से प्रसन्नतापूर्वक अपने घर लौट गई। भोले बाबा ने भी पार्वती को मन ही मन अर्धांगनी के रूप में स्वीकार कर लिया। सुनील प्रसाद ने पार्वती-शिव विवाह की भक्तिमय प्रस्तुति देते हुए कहा कि विवाह की तिथि तय होते ही जब उनकी बरात निकली तो भगवान शिव के साथी डाकिनी, भूत पिशाचिनी, कीड़े मकोड़े सारे जीव जंतु शामिल थे। शिव पशुपति है मतलब पशुओं के देवता भी है इसलिए सभी उनके मेहमान बनकर शिव विवाह में शामिल हुए। शिव-पार्वती की शादी की पूरी विधि-विधान से सभी नेंग पूरा करवाते हुए पंडित ने मंडप पूजा और सज्जा, चुलमाटी, तेलहल्दी, विवाह मंत्रोच्चार से विदाई तक की सभी रस्म को श्रद्धालुओं से गीत संगीत बाजे गाजे से धूमधाम और हर्षोल्लास से पूर्ण करवाया। शिव के साथ हुए पार्वती के विवाह के अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों ने भेंटस्वरूप बर्तन पात्र, वस्त्र, मिष्ठान और अनेकों प्रकार के उपहार विवाह स्थल पर भेंट किया। शिव भगवान के विवाह उत्सव के दौरान पूरे समय भक्तजन खुशी से झूमते गाते रहे।

## देवराज को मिली हिंदू महासभा व छग नमो मोर्चा की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खैरटकला निवासी अखिल भारत हिंदू महासभा के महासमुंद जिलाध्यक्ष देवराज बघेल को अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासभा का रायपुर शहर अध्यक्ष तथा छग नमो नमो मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। छग नमो नमो मोर्चा तथा अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेशाध्यक्ष हेमलाल साहू ने बघेल को उक्त दोनों दायित्व सौंपते हुए प्रदेश में अनुशासन का पालन कर कर्तव्यों की निर्वहन करने की बात कही है। अपनी नियुक्ति पर देवराज ने कहा कि उन्होंने अ.भा. हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष के रूप में अब तक पूरी निष्ठा से कर्तव्यों का पालन किया है। संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों को पूरा करने का प्रयास करते हुए सतत जनसंपर्क व लोगों को संगठन से जोड़ने का काम भी किया। वर्तमान में पार्टी द्वारा नए दायित्व सौंपा है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़कर संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

## आदिवासी समाज के देव जात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए अंकित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ग्राम छोटे खेमड़ा में देव पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। अंकित ने बताया कि मराई परिवार द्वारा पांच साल बाद समाज व परिवार की सुख समृद्धि के लिए भगवान बूढ़ा देव की पूजा अर्चना सामाजिक रीति रिवाज से साजा पेड़ की छांव में बड़े ही परंपरागत ढंग से की गई। अंकित ने बताया कि देव स्थल पहुंच कर धूप दीप से पूजा अर्चना की। इस सामाजिक पारिवारिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुहुफ नागवंशी मराई परिवार के देव जात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए शुक्ला मांझी, लल्लूराम मराई, नरसिंग मराई, नीलप्रताप सिंह, तूफान दीवान, देवलाल जगत, हीरालाल जगत, मिंतुराम मराई, देवशरण, पंचराम, यशवंत, गणपत मराई, अरुण, पुष्कर सहित गैंदलाल महानंद, नोहर चक्रधारी, लक्षमण शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## कोटपा एक्ट को लेकर विकासखंड समन्वय समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- तंबाखू उत्पाद बेचने व उपयोग करने वाले व्यक्ति व व्यापारी पर चलानी कार्यवाही के दिए निर्देश

राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे की अध्यक्षता में हुई। जिसमें एसडीएम ने बताया कि कोटपा एक्ट धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान निषेध है तथा धारा 6 के तहत ऐसे क्षेत्र में जो किसी शैक्षणिक संस्थान की 100 गज की परिधि में हो तंबाखू उत्पाद का बिक्री नहीं किया जाना है ऐसे किए जाने पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। जुर्माना नहीं पटाने पर उसे न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना पड़ सकता है। इसी कड़ी में नशामुक्ति अभियान के लिए सभी विभाग में तंबाखू के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरुकता लाने के लिए कार्यालय में पोस्टर लगवाएं तथा स्कूल व हॉस्पिटल से 100 गज की दूरी के अंतर्गत किसी भी प्रकार का तंबाखू उत्पाद बेचने व उपयोग करने वाले व्यक्ति व व्यापारी पर चलानी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। सभी विभाग प्रमुख को नशामुक्ति अभियान में समन्वय बनाकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार हालदार, तहसीलदार श्रीधर पंडा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश यादव, खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, परियोजना अधिकारी गेंदराम नारंग व आदिम जाति कल्याण विभाग से अजय माधवन उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे ने दी है।

# बागबाहरा में भाजपाइयों ने मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



भाजपा मंडल बागबाहरा (शहर) में गुरु गोबिंद सिंघ के चारों पुत्रों का देश के धर्म-संस्कृति की रक्षा में किए गए बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यक्रम के संयोजक हेमंत तिवारी के प्रभार में आयोजित उक्त कार्यक्रम में जिला मन्त्री शंकर तांडी, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव, जनपद उपाध्यक्षध्यक्ष भेखलाल साहू सान्निध्य में हरमीत सिंघ बग्गा, सत्यनारायण तांडी, चंद्रशेखर ध्रुव, कुलेश देवांगन, तुलसी यादव, तुकाराम चंद्राकर, बृजेश गुप्ता, मोगेश चंद्राकर, भीखम ठाकुर, अशोक चक्रधारी, अशोक दीप, नीतेश पांडेय, राजा देवांगन, मनिंदर सिंघ सलूजा, दुर्गाप्रसादसाद वस्त्रकार, मोहन बघेल, महेश वैष्णव, गजानन बुड़ेक, बालकिशन नायक, देव पटेल, नंदू सोनी, हितेन्द्र देवांगन सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के विषय में जानकारी साझा करते हुए मीडिया प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत चार साहिबजादों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन व देश के धर्म- संस्कृति की रक्षार्थ बलिदान पर चर्चा की गयी। मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव द्वारा कार्यक्रम की प्राथमिकताओं को पूरी कर कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हेमन्त तिवारी ने गुरु गोबिन्द सिंघ के छोटे पुत्रों बाबा जोरावरसिंघ व बाबा फतेह सिंघ व माता गुजरी पर मुगलों द्वारा की गई यातनाओं व दृढ़ संकल्प के साथ यातनाओं के बाद भी न टूटने पर कपटपूर्वक की गयी दोनों साहिबजादों की हत्या आउट साहिबजादों की मृत्यु का जान माता गुजरी का देहत्याग करने की घटना को विस्तारपूर्वक बताया।

कार्यक्रम के क्रम को आगे बढ़ते हुए महामंत्री हरमीत सिंघ बग्गा ने गुरुगोबिन्द सिंघ की शिक्षा व उपदेशों को बताते हुए बताया कि किस प्रकार गुरु गोबिंद सिंघ का परिवार बिछड़ा, जिसके बाद चमकौर में मुगलों से हुई लड़ाई में गुरुजी के दो बड़े साहिबजादों बाबा अजीत सिंघ व बाबा जुझार सिंघ खालसा सेना सहित लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। कार्यक्रम का समापन वाहे गुरुजी का खालसा, श्रीवाहे गुरुजी की फतेह के जयघोष करते हुए कार्यक्रम के सह-संयोजक उपाध्यक्ष चंद्रशेखर ध्रुव के आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

## तिवारी के प्रयास से बागबाहरा को मिली 1.62 करोड़ रुपए के विकास की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने 12 कार्यों को दी मंजूरी



खल्लारी विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं खल्लारी विधानसभा के सहसंयोजक हेमंत तिवारी ने विगत दिनों उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर बागबाहरा नगर पालिका के विकास के लिए एक करोड़ 65 लाख रुपए के विकास कार्यों की मांग की जिस पर तिवारी की मांग पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने तत्काल मांग किए गए 12 कार्यं को स्वीकृति प्रदान की है। तिवारी के प्रयासों से बागबाहरा को मिली सौगात पर नागरिकों लोगों ने हर्ष जताया है। स्वीकृत कार्यों में जिले की विख्यात चंडी मंदिर रोड में 60 लाख रुपए की लागत से बिजली पोल लगाए जाने का प्रस्ताव भी शामिल है, जिसके स्वीकृत होने से दर्शनार्थी लाभान्वित होंगे। वहीं मंदिर समिति ने भी आभार व्यक्त किया है।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ से प्राप्त पत्रानुसार बागबाहरा नगर पालिका को 12 विकास कार्य के लिए राशि 162.15 लाख रुपए अनुदान की स्वीकृति अधोसंरचना गद अंतर्गत प्रदान की गई है। जिसमें वार्ड क्र.15 मरारपारा में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 08 में आंगनबाड़ी के पारा सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र.07 सामुदायिक भवन में शेड निर्माण, वार्ड क्र. 02 झलप चौक एवं वार्ड 09 पिथौरा चौक के पास बस स्टॉप निर्माण, वार्ड क्र.09 में आत्मानंद स्कूल के सामने पार्किंग शेड निर्माण, वार्ड क्र.01 में तहसील कार्यालय के पारा चैनलिंग फेसिंग एवं पेवर ब्लॉक, ऑफिस कार्यालय में शेड निर्माण कार्य, तेन्दुलोथा में हाई मास्ट लाईट, लालपुर में हाई मास्ट लाईट, टाऊनहॉल रोड एवं तेन्दुलोथा में पेवर ब्लॉक, निकाय अंतर्गत गार्डन निर्माण एवं सौंदर्यीकरण एवं वार्ड क. 12 में तेंदूलोथा से चंडी मंदिर तक विद्युत विस्तारीकरण कार्य शामिल हैं।

# नर्मदा का उद्गम अमरकंटक का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल लाफिन खुर्द के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू, सांसद प्रतिनिधि नामदेव साहू, संतोष कुमार साहू, भीखम साहू एवं अन्य पालकों की उपस्थिति तथा सभी स्टाफ सदस्यों के सहयोग से छात्र-छात्राओं को नर्मदा का उद्गम अमरकंटक का भ्रमण कराया गया। जहां पर बच्चों ने ऐतिहासिक स्थल के साथ-साथ धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थलों की जानकारी प्राप्त किया। जिसमें नर्मदा उद्गम नर्मदा कुंड, आसपास के मंदिर, कपिल ऋषि की तपोभूमि, दुर्वासा ऋषि और मार्कंडेय ऋषि की तपोस्थल, कपिलधारा, दूधधारा, माई की बगिया, सोन का उद्गम एवं जैन मंदिर आदि प्रमुख स्थलों का अवलोकन कर प्राकृतिक सुंदरता एवं आध्यात्मिक स्थलों से परिचित हुए। सस्था के प्राचार्य भारत साहू ने इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी पदाधिकारी एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू, नामदेव साहू, संतोष कुमार साहू, युवराज साहू, प्राचार्य भारत साहू, उषा पटेल व्याख्याता, स्टाफ राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी, रामेश्वर साहू, मंजूषा साहू एवं 40 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport